
# मास्टर प्लान की तैयारी के लिए किया कार्यशाला का आयोजन

**जागरण संवाददाता, पंचकूला :** हरियाणा रीजनल चैप्टर, इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर्स इंडिया (एचआरसी आइटीपीआइ) ने शनिवार को एचआरसी आडिटोरियम सेक्टर-2 में मास्टर प्लान की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास पर कार्यशाला का आयोजन किया। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा के महानिदेशक टीएल सत्यप्रकाश मुख्य अतिथि रहे।

आइटीपीआइ अध्यक्ष डा. डीएस विशिष्ट अतिथि रहे। आइटीपीआइ-एचआरसी के अध्यक्ष एसएस चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कार्यशाला में हिस्सा लेने आए प्रतिनिधियों को कार्यशाला की



कार्यशाला में ज्योति प्रज्वलित करते मुख्यातिथि •जागरण

आवश्यकता के बारे में बताया। पूर्व टाउन एंड कंट्री प्लानर, टीसीपीओ, एमओएचयूए आर श्रीनिवास ने जीआइएस आधारित मास्टर प्लान की तैयारी विषय पर प्रजेंटेशन दी। अविनाश बी पाटिल, निदेशक एवं आरएम पवार संयुक्त निदेशक, नगर नियोजन और मूल्यांकन विभाग महाराष्ट्र ने महाराष्ट्र में मास्टर प्लान की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास और टीडीआर और लैंड पूलिंग के अनुभव विषय पर और डा. सारिका बहादुर, सहायक प्रो. वास्तुकला और योजना विभाग, वीएनआइटी, नागपुर ने शहरी नियोजन के लिए उपयुक्तता विश्लेषण विषय पर प्रस्तुति दी।

संगोष्ठी में 120 से अधिक प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत रूप से भाग लिया और 40 प्रतिनिधि आनलाइन शामिल हुए। संगोष्ठी की मुख्य सिफारिश में हरियाणा में शहरी विकास से संबंधित व्यापक कानून तैयार करना और जीआइएस प्रौद्योगिकी का उपयोग न केवल आधार मानचित्र और विकास योजनाओं की तैयारी में बल्कि निगरानी और उनके कार्यान्वयन में भी करना शामिल है।

# मास्टर प्लान को लेकर कार्यशाला आयोजित



पंचकूला (एसएनबी)। हरियाणा रीजनल चैप्टर, इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स, इंडिया (एचआरसी आईटीपीआई) द्वारा शनिवार को एचआरसी ऑडिटोरियम, सेक्टर -2 में मास्टर प्लान की तैयारी और कार्यान्वयन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। महानिदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग टीएल सत्यप्रकाश ने कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अध्यक्ष, आईटीपीआई, डॉ. डीएस मेश्राम कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि थे। आईटीपीआई-एचआरसी के अध्यक्ष एसएस चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कार्यशाला में भाग लेने के लिए आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला आयोजित करने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर आर श्रीनिवास, पूर्व टाउन एंड कंट्री प्लानर, टीसीपीअ, एमअएचयूए ने जीआईएस आधारित मास्टर प्लान की तैयारी विषय पर प्रेजेंटेशन दी। अविनाश बी पाटिल, निदेशक एवं श्री. आरएम पवार, संयुक्त निदेशक, नगर नियजन अर मूल्यांकन विभाग, महाराष्ट ने महाराष्ट्र में मास्टर प्लान की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए सर्वत्तम अभ्यास और टीडीआर अर लैंड पूलिंग के अनुभव विषय पर और डॉ. सारिका बहादुर, सहायक प्रफेसर वास्तुकला और योजना विभाग, वीएनआईटी, नागपुर ने शहरी नियोजन के लिए उपयक्तता विश्लेषण विषय पर प्रस्तुति दी।

संगोष्ठी में 120 से अधिक प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत रूप से भाग लिया और 40 प्रतिनिधि ऑनलाइन शामिल हुए। एचआरसी आईटीपीआई के सचिव विजय कुमार ने प्रतिनिधियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया। संगोष्ठी की मुख्य सिफारिश में हरियाणा में शहरी विकास से संबंधित व्यापक कानून तैयार करना तथा जीआईएस प्रौद्योगिकी का उपयोग न केवल आधार मानचित्र और विकास यजनाओं की तैयारी में बल्कि निगरानी और उनके कार्यान्वयन में भी करना शामिल है। साथ ही कार्यशाला में राज्य के समग्र नियोजित विकास को सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।